
## INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR
### DEPARTMENT OF HINDI [2025-2026]
### 2ND LANGUAGE

**TOPIC: अर्थग्रहण-1 WORKSHEET 5: शेर और खरगोश**

**RESOURCE PERSON: MRS. RIZWANA BEGUM**


**NAME: ___________ CLASS: IV SEC: __ DATE:_________**

**<u>नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-</u>**



एक जंगल में एक शेर रहता था। वह हर रोज़ जंगल के जानवरों का शिकार कर उन्हें खा जाता था। सभी जानवर उससे बहुत परेशान थे। सबने मिलकर एक योजना बनाई-,हर दिन एक जानवर शेर के पास जाएगा, जिससे बाकी जानवर सुरक्षित रह सकेंगे। एक दिन चतुर खरगोश की बारी आई। वह शेर के पास देर से पहुँचा। शेर के पूछने पर खरगोश ने कहा कि उसे रास्ते में एक दूसरा शेर मिला, जो उसे खाना चाहता था। शेर ने गुस्से से कहा,"कहाँ है वह शेर ? मुझे दिखाओ, मैं उसे सबक सिखाऊँगा।" खरगोश शेर को कुएँ के पास ले गया और कुएँ के पानी में उसे उसकी परछाई **दिखाई।** कुएँ में अपनी परछाई को दूसरा शेर समझकर, शेर पानी में कूद पड़ा | खरगोश की जान बच गई। सभी जानवर खुश हो गए |

कहानी के पात्र ?



**उनमें से किसी एक जानवर का चित्र बनाइए-**

**CHARACTERS**

-----------------------------------
-----------------------------------
-----------------------------------
-----------------------------------

2. **कहानी की जो बातें आप जानते हैं उसके आगे- '<u>मैं जानता हूँ</u>' [ what I know ] लिखिए और जो बातें आपने सीखीं उसके आगे- '<u>मैंने सीखा</u>' [what I learned] लिखिए ?**

| | |
|---|---|
| 1. जंगल में एक शेर रहता था, जो प्रतिदिन जानवरों को मारकर खा जाता था। | |
| 2. बुद्धिमानी और चालाकी से बड़ी से बड़ी समस्या को हल किया जा सकता है। | |
| 3. चतुर खरगोश ने अपनी समझदारी से शेर को कुएँ में गिरा दिया। | |
| 4. समस्या-समाधान में केवल ताकत नहीं, बल्कि चतुराई भी आवश्यक होती है। | |